# अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 3 दिसंबर 2025
मार्गशीर्ष शुक्ल त्रयोदशी
विक्रम संवत 2082


**PAGE NO, 07, BOTTOM**

## एसआरएमएससीईटी के 22 विद्यार्थी इंटरव्यू के लिए चयनित



बरेली (वि)। श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएससीईटी) के ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट विभाग में वाइड अल्फा टेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बीटेक और एमसीए 2026 बैच के विद्यार्थियों हेतु कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. प्रभाकर गुप्ता तथा ट्रेनिंग डेवलवमेंट एंड प्लेसमेंट निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने कंपनी प्रतिनिधियों का स्वागत किया। चयन प्रक्रिया की शुरुआत में एप्टीट्यूड टेस्ट में 240 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें से 50 को ग्रुप डिस्कशन के लिए चुना गया, जिसमें प्रदर्शन के आधार पर 22 विद्यार्थियों को फेस-टू-फेस इंटरव्यू के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। अंतिम परिणाम शीघ्र घोषित किए जाएंगे। कंपनी अधिकारियों ने संस्थान की शैक्षिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान की सराहना की। आयोजन की सफलता में शाइस्ता कमर जैदी, रिया मेरी रेजी और राहुल सक्सेना का विशेष योगदान रहा।